विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 159 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

प्रति,

1. **कलेक्टर,**
   जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ एवं
   बलौदाबाजार–भाटापारा
   छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य भंडार गृह निगम,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1001 तारांकित द्वारा श्रीमती कविता प्राण लहरे, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1001 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 160 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला– सारंगढ़–बिलाईगढ़ एवं बलौदाबाजार–भाटापारा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **बिलाईगढ़ क्षेत्र में प्रचलित राशन कार्ड**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1001** ) **श्रीमतीकविता प्राण लहरे**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कुल कितने राशन कार्ड (अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित) प्रचलित हैं? विगत एक वर्ष में कितने नए राशन कार्ड बनाए गए और कितने अपात्र पाए जाने पर निरस्त किए गए? (ख) क्या उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन की सर्वर समस्या के कारण हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में घंटों प्रतीक्षा करने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हॉ तो इस समस्या के समाधान हेतु विभाग क्या उठाए गए हैं? (ग) बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत ऐसी कितने ग्राम पंचायतें हैं जहाँ राशन दुकान भवन विहीन है? क्या शासन बिलाईगढ़ और भटगांव जैसे बड़े केंद्रों में स्टाक रखने हेतु नवीन खाद्य गोदाम निर्माण की कोई योजना है ? यदि हाँ तो कब तक बनाया जावेगा?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

**Remark :**

Collector Sarangarh/ Balodabazar/SWC